


**Selected students after campus interview by Zeneva Crops Science Pvt. Ltd., Lucknow on 17-02-2019**



**Placement drive by the university placement cell on 10.05.19 for the posts of Assistant Professors in Bhavdiya Group of Institutes**



**Experts of Bhavdiya Group of Institutes in the placement cell of the university on 10.05.19 for the placement drive for posts of Assistant Professors**



ग्राम्य वार्ता
23/10/2020

# कृषि विवि के प्रयास से 25 छात्रों को मिला रोजगार

मिल्कीपुर अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या, के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह की दूरदर्शिता एवं प्रयास के फलस्वरूप विश्वविद्यालय के छात्रों को निरंतर रोजगार का अवसर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जा रहा है ।

कोविड-19 पीरियड में कुलपति के प्रयास से ऑनलाइन क्लासेज चलाकर, समय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर के फाइनल वर्ष का परिणाम घोषित कर दिया गया था। कुलपति डॉ सिंह ने पूर्व में ही छात्रों को आश्वासन दिया था कि समय से परीक्षा परिणाम घोषित कर रोजगार के अवसर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा, जिस क्रम में कुलपति ने विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट निदेशालय के निदेशक, डॉ डी नियोगी को निर्देशित किया था की प्राइवेट कंपनियों से संपर्क कर विश्वविद्यालय के छात्रों को रोजगार दिलाने हेतु प्रयास किया जाए। कुलपति डॉ सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ डी नियोगी के प्रयास से विश्वविद्यालय में 18 सितम्बर से 30 सितम्बर तक कोविड-19 के समय पहली बार जिनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ में चयन हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसमें 185 छात्रों ने ऑनलाइन पंजीकृत कर इस रोजगार के अभियान में प्रतिभाग किया। प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉक्टर सत्यव्रत सिंह, सहायक निदेशक, डॉ उल्मन यशिमता नितिन एवं इंटर्नशिप प्रभारी, डॉ जे पी सिंह द्वारा सभी छात्रों से संपर्क स्थापित कर ,67 छात्रों का दूरभाष एवं जूम के माध्यम से साक्षात्कार आयोजित किया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया के प्रथम चरण में 25 छात्रों का चयन हुआ एवं नियुक्ति पत्र दिया गया, जिससे विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित है।



# छात्र कारपोरेट संवाद का आयोजन

कुमारगंज (अयोध्या)।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के अंतर्गत छात्र कारपोरेट बातचीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह द्वारा किया गया।


कुलपति ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से हमारे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास समेत शिक्षा के उपरांत आने वाली चुनौतियों से सामना करने का जज्बा मजबूत होगा। कुलपति ने आयोजन सचिव डॉ हरनाम सिंह द्वारा चयनित विषयवस्तु को सभी छात्र छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉक्टर हरनाम सिंह द्वारा कार्यक्रम के प्रायोगिक एवं व्याख्यात्मक प्रारूप को प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम स्नातक तथा परास्नातक छात्रों के लिए आयोजित किया गया।


कार्यक्रम में ऐलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के उत्पादन प्रबंधक डॉ अमित सिंह द्वारा पशुओं में नेगेटिव एनर्जी बैलेंस विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के सह आयोजन सचिव एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉक्टर देवाशीष नियोगी, संयुक्त आयोजन सचिव डॉ जेपी सिंह, डॉ सत्यव्रत सिंह, डॉ सोनू जायसवाल, डॉ उल्मन, यशिमता एवं नितिन सहित विश्व विद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा बोनिका पंत ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ देवाशीष नियोगी द्वारा किया गया।

## फार्मासिस्ट पर दो आवासों पर कब्जे का आरोप

चौरे बाजार (अयोध्या)। जिले की मिल्कीपुर तहसील में लगभग डेढ़ साल पहले स्थानान्तरित होकर आये एक फार्मासिस्ट पर दो आवासों पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। बताया गया कि उक्त फार्मासिस्ट पहले सुल्तानपुर जिले में स्थित देहली बाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नियुक्त था। वहां पर एक आवास जो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के नाम आवंटित है उस पर कब्जा फार्मासिस्ट का है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के प्रार्थना पत्र पर उपजिलाधिकारी बल्दीराय ने आवास को खाली कराने का आदेश भी जारी कर दिया है।

उक्त फार्मासिस्ट को अपने तैनाती स्थल मिल्कीपुर में सरकारी आवास आवंटित किया गया है। चिकित्सा अधीक्षक मिल्कीपुर अहसन किदवई ने बताया कि गैर जनपद से स्थानांतरित होकर आये फार्मासिस्ट को यहां आवास आवंटित किया गया है। अन्य आवास पर कब्जे का आरोप गैर जनपद से सम्बन्धित है। इसलिए यह प्रकरण उच्चाधिकारियों के आदेश पर ही निस्तारित होगा।




**Online placement drive during Covid pandemic in 2020**





# ग्राम्य वार्ता02/02/2021

## कृषि विवि प्लेसमेंट सेल से छात्रों को मिला रोजगार

**कुमारगंज,अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के महामाया कृषि अभियंत्रण एवं प्रौद्योगिक महाविद्यालय में माननीय कुलपति डॉक्टर बिजेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन मे कैंपस प्लेसमेंट का दिनांक 27 जनवरी 2021 को राधिका बायो टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया गया। साक्षात्कार में बीटेक कृषि अभियंत्रण के 15 छात्रों ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. डी नियोगी ने बताया कि साक्षात्कार के माध्यम से इंजीनियर अनिरुद्ध शुक्ला, इंजीनियर जितेंद्र कुमार, इंजीनियर विपुल यादव और शिवम मिश्रा का चयन हुआ। महामाया कृषि अभियंत्रण एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर के मेहता, इंजीनियर महेंद्र राय ,इंजीनियर रामजीत सिंह, डॉक्टर एस के पांडे और डॉक्टर पी के मिश्रा ने चयनित छात्रों को बधाई दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय प्रेरणा स्रोत माननीय कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह द्वारा समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

**Placement of Agriculture Engineering students by Radhika Biotechnology at Ambedkar Nagar on 27 Jan, 2021**




**Placement of students by Radhika Biotechnology Pvt Ltd on 27 Feb. 2021**




तरुणमित्र 05/03/2021

# कृषि विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रो को मिला रोजगार

कुमारगंज, अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन मे विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट के माध्यम से राधिका बायो टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने विश्वविद्यालय के छात्रो का साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार में बी एससी एग्रीकल्चर एबी एससी हॉर्टिकल्चर एएम एससी एग्रीकल्चर एवं एम एससी हॉर्टिकल्चर के 12 छात्रों ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ डी नियोगी ने बताया कि साक्षात्कार के माध्यम से मोहम्मद वाहिद बीएससी एग्रीकल्चर, दीपक कुमार एमएससी एग्रीकल्चर, रामप्रताप पाल बीएससी एग्रीकल्चर, आशीष कुमार वर्मा एमएससी एग्रीकल्चर और हिमांशु सिंह बीएससी एग्रीकल्चर का चयन हुआ। साक्षात्कार में चयनित छात्रों को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह, प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ डी नियोगी, सह निदेशक डॉ यशमिता नितिन एवं कोऑर्डिनेटर सेल के समन्वयक डॉ



सत्यव्रत सिंह ने बधाई बीते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय प्रेरणा स्रोत कुलपति डॉ बिजेन्द्र सिंह द्वारा समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन का प्रतिफल है। इस सफलता पर कुलपति डॉ सिंह ने प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ डी नियोगी, सह निदेशक डॉ यशमिता एवं डॉ सत्यव्रत को भी बधाई देते हुए इसे भविष्य में भी निरंतर प्रभावी ढंग से किए जाने पर बल दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में डॉक्टर सत्यव्रत सिंह द्वारा राधिका बायो टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के एरिया बिजनेस मैनेजर आशीष रावत को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

**Placement of students by Radhika Biotechnology Pvt Ltd on 27 Feb. 2021**



**Campus placement of students by Zeneva Crops Science Pvt. Ltd., Lucknow on 27-08-2021**




# स्वतंत्र भारत 28/08/2021

## कृषि विवि कुमारगंज के 15 छात्रों को मिला केंपस प्लेसमेंट



कुमारगंज (सं)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज ,अयोध्या स्थित डायरेक्टरेट ऑफ़प्लेसमेंट द्वारा कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व एवं अथक प्रयासों से डेढ़ साल के कोरना काल के उपरांत प्रारंभ किया। ऑफ्लाइन प्लेसमेंट की प्रक्रिया । जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड ने विश्वविद्यालय में छात्रों के प्लेसमेंट हेतु साक्षात्कार आयोजित किया। जिसमें कृषि एवं वानिकी महाविद्यालय के स्नातक 18, परास्नातक 26 एवं पीएचडी 3 कुल 47 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कुलपति महोदय ने प्रतिभाग करने वाले छात्रों से संवाद स्थापित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुएए सदैव परिश्रम एवं निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि जिनेवा क्रॉप साइंस के दो वरिष्ठ अधिकारी श्री हरिओम शर्मा एवं पवन शर्मा ने छात्रों का साक्षात्कार लिया तथा छात्रों से प्रभावित होकर15 छात्रों का चयन किया। लगभग डेढ़ साल से चल रहे ऑनलाइन प्लेसमेंट के उपरांत विश्वविद्यालय के निदेशक डायरेक्टरेट आफ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ नियोगी ने कुलपति द्वारा छात्रों को समय से डिग्री पूर्ण करने के बाद रोजगार दिलवाने के लिए गए वादे से प्लेसमेंट की ऑफलाइन प्रक्रिया आयोजित करायी जिससे छात्रों में हर्ष एवं उल्लास का माहौल हो गया। डॉ नियोगी ने यह भी बताया कि गत वर्ष कोविड.19 आपदा के बावजूद 45 छात्रों को ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत नौकरी मिली थी तथा यह भी बताया कि 3 कंपनियों द्वारा सितंबर माह में ऑफलाइन साक्षात्कार सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ देवाशीष द्वारा कुलपति को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा जिनेवा क्रॉपसाइंस के हरि ओम शर्मा कोऑर्डिनेटर प्लेसमेंट पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय डॉ सत्यव्रत सिंह द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाताए डिप्टी रजिस्ट्रार, डॉ जसवंत सिंह, डॉ संजय पाठक, डॉ शंभू प्रसाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ उलम्न यशिमता नितिन, सह निदेशक सेवायोजन निदेशालय द्वारा किया गया । मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों के प्लेसमेंट हेतु निरंतर से इस प्रकार के साक्षात्कार आयोजित करता रहा है तथा भविष्य में भी करता रहेगा ।

**Campus placement of students by Zeneva Crops Science Pvt. Ltd., Lucknow on 27-08-2021**






**Campus interview for placement of students by UPSRLM, Lucknow on 18-11-2021**

# जनमोर्चा 20/11/2021

## कृषि विवि की प्लेसमेंट सेल ने 29 को दिलाया रोजगार

(निज संवाददाता)

कुमारगंज (अयोध्या)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में डायरेक्टरेट आफ प्लेसमेंट, ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत रोजगार के लिए साक्षात्कार एवं परीक्षा में 29 छात्रों को मिला रोजगार।



उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम को सम्बोधित करते कुलपति

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बृजेंद्र सिंह ने चयनित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सदैव परिश्रम एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करने का आह्वान किया तथा कहा कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट हेतु निरंतर इसी प्रकार साक्षात्कार आयोजित कर छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय रोजगार का अवसर प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देशन एवं नेतृत्व में किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय, उद्यान महाविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के परास्नातक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

साक्षात्कार अनीता यादव, मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रदीप कुमार, संयुक्त मिशन निदेशक, निशिकांत दीक्षित, लीड (लाइव हुड) लखनऊ, श्रीमती बीना माथुर, एसएमएम (एचआर) लखनऊ द्वारा साक्षात्कार संपन्न कराया गया जिसमें 81 छात्र छात्राओं में 29 छात्र-छात्राएं चयनित किए गए। पूरे प्रदेश में इस पद के लिए 56 रिक्तियां थी, जिसकी नियुक्ति के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में साक्षात्कार आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 56 रिक्तियों में आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के 29 छात्र छात्राओं का चयन हुआ, जो विश्वविद्यालय में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान किए जाने का ही परिणाम है। विश्वविद्यालय के सेवा आयोजन निदेशक डॉ. डी. नियोगी ने बताया कि कुलपति द्वारा छात्रों को समय से उपाधि पूर्ण करने के बाद रोजगार दिलाने के लिए किए गए वादे के क्रम में निरंतर कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है, जिससे छात्रों में हर्ष एवं उल्लास का माहौल है। डॉ. नियोगी ने यह भी बताया कि अभी कुछ दिन पहले ही विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने वाले 15 छात्रों को प्लेसमेंट सेल द्वारा जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड में चयन हुआ था।

# पावन भारत 20/11/2021

## कृषि विश्वविद्यालय के २९ छात्रों को मिला रोजगार

संवाददाता

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या में डायरेक्टरेट आफ प्लेसमेंट, ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत रोजगार के लिए 30 सितम्बर 2021 को साक्षात्कार एवं परीक्षा कराया गया था। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय, उद्यान महाविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के कुल 81 परास्नातक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार अनिता यादव, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या एवं प्रदीप कुमार, संयुक्त मिशन निदेशक, निशिकांत दीक्षित, लीड (लाइव हुड ) लखनऊ, बीना माथुर, एस एम एम(एचआर) लखनऊ द्वारा साक्षात्कार संपन्न कराया गया था, जिसमें 81 छात्र छात्राओं में 29 छात्र–छात्राओं का चयनित किए गए। पूरे प्रदेश में इस पद के लिए 56 रिक्तियां थी, जिसकी नियुक्ति के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में साक्षात्कार आयोजन किया गया था, जिस कुल 56 रिक्तियों में आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के 29 छात्र छात्राओं का चयन हुआ , जो विश्वविद्यालय में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान किए जाने का ही परिणाम है।




कृषि विवि परिसर में लगा रोजगार मेला

विश्वविद्यालय के सेवा आयोजन निदेशक डॉ डी नियोगी ने बताया कि कुलपति द्वारा छात्रों को समय से उपाधि पूर्ण करने के बाद रोजगार दिलाने के लिए किए गए वादे के क्रम में निरंतर कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है, जिससे छात्रों में हर्ष एवं उल्लास का माहौल है। डॉ नियोगी ने यह भी बताया कि अभी कुछ दिन पहले ही विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने वाले 15 छात्रों को प्लेसमेंट सेल द्वारा जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड में चयन हुआ था। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रारंभ में निदेशक सेवा आयोजन डॉ डी नियोगी द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सह निदेशक डॉ सत्यव्रत सिंह के द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय डॉ आर के जोशी, निदेशक प्रशासन व परीक्षण, डॉ ए के सिंह अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ एस पी सिंह, डॉ संजय पाठक, डॉ जसवंत सिंह, डॉ रूमा देवी,डॉ उलमन यश्मिता नितिन, पंकज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सिंह ने चयनित छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सदैव परिश्रम एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करने का आह्वान किया तथा कहा कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के प्लेसमेंट हेतु निरंतर इसी प्रकार साक्षात्कार आयोजित कर छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय रोजगार का अवसर प्रदान करता रहेगा।

**News paper cutting regarding placement of students in UPSRLM, Lucknow**



**Campus interview for student of Master in Agribusiness by Casphor Microfinance PVT LTD on 19 February, 2022**




**Campus interview for student of Master in Agribusiness by Casphor Microfinance PVT LTD on 19 February, 2022**

# Self-Employed student




Priya Kumari (V- 9057/15)

# Dr. Ashish Panday



# Dr. Sandeep Yadav



# Dr. Bharat Yadav



# Dr. Anil Kumar Gangwar



# Dr Ranu Tomar



# Dheeraj Rawat



# Dr. Santosh Kumar Chaurasia










# Dr. Siddharth Mishra



# Dr. Abhishek Mishra



# Dr. Vinay Kumar Gautam






# Dr. Saurabh Tripathi



# Dr. Prerit Rajpoot



# Dr. Ashoo



Dr. Ashoo
B.V.Sc. & A.H.
M.V.Sc.
Timing : 10 A.M. To 02 P.M.
05 P.M. To 09 P.M.
PET CARE CENTRE
YOUR
SITTING SOLUTION
9415703323


# Dr. Sumit Tripathi



# Dr. Nitesh Kumar Katiyar



# Dr. R.J. Patel




VET-PRO®
Specially Formulated by Experienced Veterinarians
& Animal Experts in the US
drools
Feed Real. Feed Clean.
Vet
EXCLUSIVE
VET FORT PET CLINIC
Dr. R.J Patel (M.V.Sc- Medicine)
K-3D, K. Extn., Malviya Nagar, New Delhi-110017
T. 9838436011, 8887829840

# Dr. Arvind Kumar



# Dr. Arvind Kumar



# Dr. Krishna Gopal Yadav



# Dr. Viplav Pandey





**Dr. Rakesh Maurya student of this university has become an entrepreneur (2017-18)**




**Coaching started by Miss Rimpi Pandey student of this university (2018-19)**




**Dr. Ritu Singh, student of food and nutrition, become Dietician in her hospital (2017-18)**